**खबर संक्षेप**

## शहडोल में थाना प्रभारियों के दायित्वों में बदलाव

**शहडोल।** जिले में प्रशासनिक दृष्टि से थाना प्रभारियों के प्रभार में परिवर्तन किया गया है। यह बदलाव कार्य व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनकेंद्रित बनाने के उद्देश्य से किया गया है। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देश पर जारी इस आदेश में विभिन्न थानों में पदस्थ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।
प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस लाइन शहडोल से श्री अरुण पांडेय को स्थानांतरित कर थाना सोहागपुर का प्रभार सौंपा गया है। वहीं भूपेन्द्रमणि पांडे को सोहागपुर से स्थानांतरित कर थाना अमलाई भेजा गया है। जेपी शर्मा को अमलाई से थाना जैतपुर की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में जियाउलहक को जैतपुर से स्थानांतरित कर थाना ब्यौहारी का प्रभार सौंपा गया है। पुलिस विभाग की इस प्रशासनिक पहल को बेहतर कानून व्यवस्था, त्वरित कार्रवाई और आमजन की समस्याओं के शीघ्र समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार नए प्रभारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जनता से संवाद मजबूत करेंगे, शिकायतों को गंभीरता से सुनेंगे और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करेंगे। पुलिस विभाग देशभक्ति और जनसेवा के जिस मूल मंत्र और शपथ के साथ कार्य करता है, उसी भावना के अनुरूप सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे—ऐसी उम्मीद व्यक्त की गई है। नागरिकों को भी विश्वास है कि नए पदस्थापनों के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सेवा गुणवत्ता और बेहतर होगी तथा सभी का कार्यकाल सकारात्मक और परिणामकारी होगा।

## पुलिस ने फ्लेक्स और समझाइश से जगाई यातायात जागरूकता

**शहडोल।** राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह 2026 के तहत शहडोल पुलिस द्वारा शहर में व्यापक यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक फ्लेक्स लगाकर आमजन को सुरक्षा नियमों के प्रति सचेत किया। अभियान के अंतर्गत अधिकारियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की हिदायत दी। साथ ही, नशे में वाहन न चलाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का प्रयोग न करने की सख्त समझाइश दी गई। पुलिस ने पैदल यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन न केवल स्वयं को सुरक्षित रखता है, बल्कि दूसरों का जीवन भी बचाता है। पुलिस विभाग के अनुसार, जन-सुरक्षा के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

## 5 दिन में बर्तन दुकान की चोरी का खुलासा

**बुढार।** कानून से लुका-छिपी खेल रहे अपराधियों के खिलाफ बुढार पुलिस ने एक बार फिर अपना सख्त तेवर दिखाया है। पुराना सिनेमा रोड स्थित प्रसिद्ध सब्बीर अहमद बर्तन दुकान में हुई बड़ी चोरी की गुत्थी को पुलिस ने महज 120 घंटों के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने न केवल आरोपी को दबोचा, बल्कि चोरी गया शत-प्रतिशत मशरूका भी बरामद कर लिया है। वारदात 24 जनवरी की रात की है, जब शातिर चोर ने फरियादी आमिर अहमद की दुकान का ताला चटकाकर करीब 80,000 रुपये मूल्य के कीमती बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया था। बाजार के बीचों-बीच हुई इस वारदात ने पुलिस की कार्यप्रणाली को चुनौती दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल विशेष टीम गठित कर घेराबंदी शुरू की।विवेचना के दौरान बुढार पुलिस ने साइंटिफिक साक्ष्यों और अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। शक की सुई वार्ड नंबर 6 निवासी गोपाल बैगा उर्फ गोपाल भारिया की ओर घूमी। पुलिस ने जब 61 वर्षीय इस बुजुर्ग आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसकी अनुभवी जुबान लडख़ड़ा गई और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए बर्तनों का जखीरा बरामद कर लिया गया है।

## जिम्मेदारों की शह पर खाक हुई किसानों की मेहनत

# अन्नदाता के खून-पसीने पर लापरवाही की आग







### वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के दावों की निकली हवा
### रिलायंस के भरोसे नगर पालिका की फायर ब्रिगेड

**शहडोल। भ्रष्टाचार की कालिख और प्रशासन की निरंकुसता ने मिलकर जिले के अन्नदाता की उम्मीदों में आग लगा दी है। गुरुवार तडक़े कोतवाली थाना क्षेत्र के नरसरहा स्थित मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के गोदामों में लगी भीषण आग महज एक हादसा नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की घोर लापरवाही और संभावित साजिश का जीवंत प्रमाण है। पांच घंटे से ज्यादा समय तक धू-धू कर जलता धान का भंडार कह रहा है कि यहां सुरक्षा के इंतजाम नहीं, बल्कि बर्बादी का सामान रखा था।**

### दिखावा साबित हुई नगर पालिका की टीम

नगर पालिका के फायर अमले की पोल उस वक्त खुल गई जब आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दावा किया गया कि 8 दमकल गाडिय़ां मौके पर थीं, लेकिन घंटों तक आग पर काबू न पाना नगर पालिका की तैयारियों पर करारा तमाचा है। जिस शहर में करोड़ों का टैक्स वसूला जाता है, वहां की फायर ब्रिगेड एक गोदाम की आग बुझाने के लिए रिलायंस जैसी निजी कंपनियों के आगे हाथ फैलाने को मजबूर है। क्या नगर पालिका का फायर विभाग सिर्फ कागजों पर चलता है। जब आग बेकाबू हुई और लाखों की धान खाक हो गई, तब प्रशासन को होश आया। यह अमला आग बुझाने नहीं, बल्कि औपचारिकता पूरी करने पहुंचा था।

### पत्थर वाली धान को राख बनाने की साजिश

जिले में धान खरीदी का खेल पहले ही बदनाम हो चुका है। अभी कुछ दिन पहले ही धान की बोरियों से पत्थर निकलने का शर्मनाक मामला सामने आया था। जानकार दबी जुबान में सवाल उठा रहे हैं कि क्या पत्थर वाली उस मिलावटी और फर्जी धान के सबूत मिटाने के लिए तो यह आग नहीं लगाई गई, 2800 मीट्रिक टन की क्षमता वाले गोदामों में आग का अचानक भडक़ना और देखते ही देखते सब कुछ स्वाहा हो जाना किसी गहरी साजिश की ओर इशारा करता है।

### राख पर राजनीति और कोरे आश्वासन

घटना के बाद कलेक्टर, एसडीएम और अन्य आलाधिकारियों का लश्कर मौके पर पहुंचा। फोटो खिंचवाई गई, जायजा लिया गया और हमेशा की तरह जांच के निर्देश दे दिए गए, लेकिन सवाल यह है कि जब धान खरीदी केंद्रों से संग्रहण हो रहा था, तब सुरक्षा मानकों की जांच क्यों नहीं की गई, नरसरहा जैसे संवेदनशील इलाके में जहां करोड़ों का अनाज रखा है, वहां फायर फाइटिंग सिस्टम और सुरक्षा गार्ड क्या भांग खाकर सो रहे थे।

### किसानों की मेहनत पर वार

यह केवल सरकारी नुकसान नहीं है, यह उस किसान की मेहनत की राख है, जिसने कडक़ती ठंड में रातें जागकर फसल उगाई थी। गोदाम नंबर 1, 2 और 3 में लगी यह आग मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के दावों की धज्जियां उड़ा रही है। बारदाना, बीज और धान का जलना यह बताता है कि यहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ शून्य था।



प्रशासन भले ही इसे अज्ञात कारणों से लगी आग बताकर पल्ला झाड़ ले, लेकिन शहडोल की जनता जानती है कि इस आग के पीछे लापरवाही और भ्रष्टाचार का ईंधन काम कर रहा है। यदि समय रहते पुख्ता इंतजाम होते, तो आज अन्न का यह भंडार राख का ढेर न बनता। अब देखना यह है कि जांच की आंच बड़े चेहरों तक पहुंचती है या फिर छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# कुपोषण और लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं: कमिश्नर



**शहडोल। सरकारी दफ्तरों के वातानुकूलित कमरों में बैठकर ऑल इज वेल का राग अलापने वाले अधिकारियों को कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने जमीन पर उतरने की सख्त हिदायत दी है। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित मैराथन बैठक में कमिश्नर का सख्त तेवर देख कई विभागों के मुखियाओं के पसीने छूट गए। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि संकल्प से समाधान अभियान महज कागजी खानापूर्ति का जरिया नहीं बनना चाहिए, यदि घर-घर जाकर पात्र हितग्राही नहीं तलाशे गए, तो संबंधितों पर गाज गिरना तय है।**

### एनआरसी के बेड खाली क्यों

जिले में कुपोषण का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में रहा। कमिश्नर ने सवाल उठाया कि जब जिले में कुपोषित बच्चे मौजूद हैं, तो पोषण पुनर्वास केंद्रों के बेड खाली क्यों पड़े हैं, उन्होंने महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हाई रिस्क गर्भवती माताओं और एनेमिक बच्चों की मॉनिटरिंग में कोताही सीधे तौर पर जीवन से खिलवाड़ है। सीएमएचओ को निर्देश दिया गया कि सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग सिर्फ आंकड़ों के लिए नहीं, बल्कि उपचार के लिए की जाए।

### अफसरों की कुंभकर्णी नींद

कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों की कार्यशैली पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। महीनों से लंबित शिकायतें यह बताने के लिए काफी हैं कि शहडोल का प्रशासनिक अमला जनसमस्याओं के प्रति कितना लापरवाह है। कमिश्नर ने चेतावनी दी कि समय-सीमा में शिकायतों का निराकरण न करने वाले अधिकारियों की सीआर खराब की जाएगी।

### भ्रष्टाचार और लेटलतीफी पर कड़ा प्रहार

बैठक में पीएम आवास (शहरी), पीएम जनमन और जल जीवन मिशन जैसे प्रोजेक्ट्स की सुस्त रफ्तार पर भी तीखी चर्चा हुई। निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों और अधूरी गौशालाओं को लेकर कमिश्नर ने पूछा आखिर जनता का पैसा कब तक सरकारी फाइलों में कैद रहेगा, उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को दो टूक कहा कि पीएम आवास के काम में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### संकल्प या औपचारिकता

12 जनवरी से चल रहे संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने स्पष्ट कहा कि दल गठित करना ही काफी नहीं है, फील्ड पर जाकर ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री जैसे काम पूरे करें। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने अपनी रिपोर्ट पेश की, लेकिन कमिश्नर का रुख साफ था, रिपोर्ट अच्छी है, अब परिणाम भी अच्छे चाहिए। शहडोल प्रशासन के लिए यह बैठक एक अल्टीमेटम है। यदि अब भी धान खरीदी, भंडारण और कुपोषण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अधिकारियों ने अपनी शाही सुस्ती नहीं छोड़ी, तो आने वाले दिनों में जिले में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी तय मानी जा रही है।

# अफसर पिटे तो जागी कुंभकर्णी नींद

### निर्माण कार्यों में आखिर कहां से पहुंच रही रेत

शहडोल। जब तक अफसर की गर्दन पर माफिया का हाथ नहीं पहुंचा, तब तक प्रशासन धृतराष्ट्र बना रहा, लेकिन जैसे ही नायब तहसीलदार शनि द्विवेदी पर हमला हुआ, कागजी शेर अचानक एक्शन मोड में आ गए। ब्यौहारी के सथनी और बैरिहा में रेत के अवैध ढेरों पर पीला पंजा चलाकर प्रशासन अपनी पीठ थपथपा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह दिखावा उस गहरे जख्म को भर पाएगा जो पटवारी और एएसआई की ट्रैक्टर हत्या ने जिले की साख पर दिया है।

### कहां से आ रही चोरी की रेत

जिले में रेत का कोई वैध ठेका नहीं है, फिर भी संभागीय मुख्यालय से लेकर पंचायतों तक शासकीय निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी हैं। इन बिल्डिंगों में लग रही रेत क्या आसमान से टपक रही है, हकीकत यह है कि या तो सरकारी ठेकेदार माफिया से मिलीभगत कर चोरी की रेत खपा रहे हैं, या फिर एस्टीमेट को ठेंगा दिखाकर रेत की जगह पत्थर की डस्ट का जानलेवा खेल चल रहा है। संभागीय मुख्यालय में बैठे बड़े साहबों को अपनी नाक के नीचे हो रहा यह भ्रष्टाचार क्यों नहीं दिखता। क्या इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने का साहस प्रशासन जुटा पाएगा।

### माफिया का कब्जा या अफसरों की शह

देवलौंद के सथनी और बैरिहा में निजी भूखंडों पर पहाड़ों जैसा रेत का स्टॉक रातों-रात खड़ा नहीं हुआ। राजस्व और खनिज अमला महीनों तक क्या मलाई छान रहा था, दो लोगों पर कार्रवाई कर प्रशासन हडक़ंप मचाने का दावा कर रहा है, लेकिन असली मगरमच्छ तो अब भी पानी के बाहर धूप सेंक रहे हैं। पुलिस, राजस्व और



खनिज विभाग की संयुक्त टीम की यह ताबड़तोड़ कार्रवाई तब तक बेमानी है, जब तक उन सफेदपोशों के नाम उजागर नहीं होते जिनकी शह पर यह कारोबार फल-फूल रहा है।

### दबंगई का इतिहास और प्रशासन की लाचारी

पटवारी को कुचला गया, एएसआई की बलि ली गई और अब नायब तहसीलदार पर हमला... शहडोल में रेत माफिया की डिक्शनरी में कानून जैसा कोई शब्द नहीं बचा है। अधिकारियों का कहना है कि सख्त कदम उठाए जाएंगे, लेकिन जनता पूछ रही है कि ये कदम हमेशा अपनों का खून बहने के बाद ही क्यों उठते हैं। यदि प्रशासन वास्तव में ईमानदार है, तो केवल अवैध स्टॉक न जब्त करे, बल्कि उन शासकीय निर्माण कार्यों की ऑडिट कराए जहां बिना टेंडर वाली रेत इस्तेमाल हो रही है। जांच की आंच संभागीय मुख्यालय तक पहुंचनी चाहिए, वरना यह कार्रवाई केवल नायब तहसीलदार पर हुए हमले के गुस्से को शांत करने का एक प्रशासनिक स्टंट बनकर रह जाएगी।



### इनका कहना है...

सथनी और बैरिहा के शासकीय भूमि और निजी भूमि में स्टॉक रेत पर राजस्व, पुलिस, खनिज एवं वन विभाग ने संयुक्त रूप से दबिश देकर जप्त कर दो ऐसे लोगों पर कार्यवाही की है जिन्होंने अपने निजी भूमि पर अवैध रेत स्टॉक किया था, अभी भी कार्यवाही जारी है ।

**शनि द्विवेदी**
**नायब तहसीलदार, ब्यौहारी**

# रेत माफिया पर पुलिस ने कसी नकेल

### ब्यौहारी और जैतपुर में चार ट्रैक्टर जब्त, हडक़ंप

**शहडोल। जिले की नदियों का सीना चीरने वाले रेत माफियाओं के खिलाफ शहडोल पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सर्जिकल स्ट्राइक शुरू कर दी है। ब्यौहारी और जैतपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाहियों में रेत के अवैध कारोबार में लिप्त चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को दबोचकर माफियाओं के हौसले पस्त कर दिए हैं। पुलिस की इस दबिश से रेत चोरों के सिंडिकेट में खलबली मच गई है।**

### झापर नदी के लुटेरों पर पुलिस का शिकंजा

ब्यौहारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर न्यू बरौंधा शिव मंदिर के पास घेराबंदी कर झापर नदी से चोरी की रेत लेकर जा रहे एक सोनालिका ट्रैक्टर को दबोच लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर रेत का मुख्य सरगना टिंकू उर्फ अखिलेश कुशवाहा तो भागने में सफल रहा, लेकिन पुलिस ने चालक अर्जुन कोल को धर दबोचा। मौके से अवैध रेत और खुदाई में इस्तेमाल होने वाले औजार जब्त किए गए हैं। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### आधी रात को नाग बांधा नाला पर रेड

जैतपुर पुलिस ने भी रात के सन्नाटे में ग्राम घुनघुटा के नाग बांधा नाला पर धावा बोल दिया। यहां तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध उत्खनन की तैयारी में खड़े थे। पुलिस ने मौके से तीन चालकों अमोल सिंह, हरिकृष्ण पनिका और हरप्रसाद यादव को गिरफ्तार किया है। माफियाओं का दुस्साहस देखिए कि बिना नंबर के ट्रैक्टरों से सरेआम सरकारी संपत्ति की लूट की जा रही थी। पुलिस ने करीब 10 लाख रुपये का मशरूका जब्त कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### ट्रैक्टर मालिकों पर भी गिरेगी गाज

पुलिस ने साफ कर दिया है कि केवल चालकों की गिरफ्तारी से काम नहीं चलेगा। पकड़े गए चालकों ने स्वीकार किया है कि वे ट्रैक्टर मालिकों के इशारे पर इस काले खेल को अंजाम दे रहे थे। अब पुलिस इन ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और खनिज अधिनियम के तहत शिकंजा कसने की तैयारी में है।

### इनकी रही जांबाज भूमिका

ब्यौहारी में सउनि कामता प्रसाद पियासी और जैतपुर में थाना प्रभारी जियाउल हक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई ने यह संदेश दे दिया है कि शहडोल की नदियों पर डाका डालने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।

# हैरतअंगेज: 6 लाख की गाड़ियां और जेब में चवन्नी!

### शहडोल पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचे 10 महारथी जुआरी

**शहडोल। शहर की कोतवाली पुलिस ने नया बस स्टैंड के पास महुआ के पेड़ के नीचे चल रहे एक ऐसे जुआ फड़ का भंडाफोड़ किया है, जिसे देखकर नाम बड़े और दर्शन छोटे वाली कहावत चरितार्थ होती है। यहां जुआ खेलने आए शूरवीरों का ठाठ-बाट तो ऐसा था कि वे बुलेट और स्कूटी जैसे कीमती वाहनों से आए थे, लेकिन जब पुलिस ने उनकी जेबें खंगालीं, तो दांव पर लगाने के लिए महज कुछ सौ रुपये ही निकले।**

### अंधेरे में किस्मत आज़मा रहे थे रईस

28 जनवरी की रात, जब दुनिया सो रही थी, तब नया बस स्टैंड के पास घी बाड़ा में महुआ के पेड़ के नीचे मोबाइल टॉर्च की रोशनी में 10 जुआरी अपनी किस्मत चमकाने की कोशिश कर रहे थे। मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना प्रभारी राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ऐसी घेराबंदी की कि इन खिलाडिय़ों को ताश के पत्ते समेटने तक का मौका नहीं मिला।

### लाखों की सवारी, पर जुए में उधारी

इस रेड की सबसे दिलचस्प और हास्यास्पद बात यह रही कि पुलिस ने मौके से करीब 6 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है, जिसमें बुलेट, स्टार सिटी और स्प्लेंडर जैसी 7 मोटरसाइकिलें और 7 महंगे मोबाइल शामिल हैं। लेकिन आश्चर्य देखिए, इन 10 आरोपियों के पास से कुल नकद राशि मात्र 2,720 रुपये मिली। यानी औसतन हर जुआरी अपनी जेब में 200-250 रुपये लेकर करोड़पति बनने का सपना देख रहा था। लाखों की गाडिय़ों पर चढक़र आने वाले इन शौकीनों के पास दांव लगाने के लिए चिल्लर देख पुलिस भी हैरान रह गई।

### कानूनी शिकंजे में 10 आरोपी

पुलिस ने मौके से प्रिंस गुप्ता, रवि गुप्ता, आनंद पाण्डेय, सौरभ विश्वकर्मा, कैलाश सिंह गोंड , धर्मेन्द्र यादव, कामता यादव, संजय कछवाहा, मुक्कु उर्फ मुकेश सिंधी, जय सिंह को गिरफ्तार किया है। इन सभी के खिलाफ पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### इनकी रही भूमिका

इस सफल और साहसिक कार्यवाही में थाना प्रभारी राघवेन्द्र तिवारी, उप निरीक्षक राकेश सिंह बागरी, सउनि रजनीश तिवारी, सुरेश कुमार, प्रधान आरक्षक शिवकरण यादव, विजय सिंह, पंचम सिंह और आरक्षक रौनक पवार की भूमिका रही। पुलिस की इस दबिश ने जुआरियों के बीच हडक़ंप मचा दिया है।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह की सूचना पर की गई कार्यवाही, रूकवाई गई शादी

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता के मार्गदर्शन में ग्राम कुड़ी डोंगरीटोला इंदवार में होने वाले बाल विवाह को आंगनबाडी कार्यकर्ता, पुलिस तथा आशा कार्यकर्ता की मदद से रूकवाया गया। 27 जनवरी 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुडी में नबालिग का विवाह होने वाला है जिसमें बारात मझगवां से आनी थी। संयुक्त दल ने मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी एवं बताया गया कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। समझाईश के बाद बालिका के पिता ने बेटी की शादी 18 वर्ष के बाद करने की बात कही। कानून की जानकारी प्राप्त होने के पश्चात बालिका के पिता द्वारा यह सहमति व्यक्त की गई कि प्रस्तावित विवाह को स्थगित किया जा रहा है तथा भविष्य में यदि समयपूर्व विवाह कराया जाता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। उक्त संबंध में मौके पर पंचनामा तैयार किया गया।

### प्रश्न पत्र प्राप्त किए जाने से लेकर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने तक कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त

**उमरिया।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी वर्ष 2026 की मुख्य परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व केन्द्राध्यक्षो के साथ संबंधित थानो से प्रश्न पत्र प्राप्त किए जाने से लेकर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाने तक अधिकारियों को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उन्होंने कहा है कि अधिकारीगण मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के दिशा निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा केन्द्रो के केन्द्राध्यक्षो से समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सारिणी अनुसार प्रातः 7 बजे संबंधित थानो में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे ।

### भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में मौन धारण कार्यक्रम आज

**उमरिया।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 जनवरी को प्रातः 11.00 बजे सारे देश में उन शहीदों की स्मृति में जिन्होने भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे अपने जीवन का बलिदान दिया है उनकी याद में दो मिनट का मौन रखे जाने के निर्देश दिए गए है। डिप्टी कलेक्टर ने कहा है कि 30 जनवरी को प्रातः 11.00 बजे सारे देश में उन शहीदों की स्मृति में जिन्होने भारत की स्वतंत्रता में अपना जीवन बलिदान दिया है, उनकी स्मृति में 2 मिनट मौन धारण करना एवं दिये गये निर्देशो का पालन करना सुनिश्चित करे।

## कागजी फर्मों से हो रहा बंदरबांट, जांच की मांग

# 37 लाख के पंचायत भवन में सचिव की कारीगरी







**उमरिया। जिले की जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली भ्रष्टाचार का ऐसा अभयारण्य बन चुकी है, जहां नियम-कायदे केवल कागजों पर दम तोड़ते नजर आते हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत कुशमहाखुर्द का है, जहां 37 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बन रहा अटल सेवा सदन (पंचायत भवन) विकास का प्रतीक कम और भ्रष्टाचार का स्मारक ज्यादा नजर आ रहा है। आलम यह है कि यहां सचिव और मेट की जुगलबंदी ने सरकारी खजाने को निजी जागीर समझ लिया है।**

### कागजों पर दौड़ रही शिखा जैसी फर्में

इस पूरे निर्माण कार्य में सबसे बड़ा खेल सामग्री आपूर्ति के नाम पर किया जा रहा है। कुल 31 लाख रुपये निर्माण सामग्री पर व्यय होने हैं, लेकिन सप्लाई देने वाली फर्मों की कुंडली खंगाली जाए तो होश उड़ जाएंगे। क्षेत्र में चर्चा है कि शिखा नाम की जिस फर्म से लाखों का लेन-देन हो रहा है, उसका जमीन पर कोई अस्तित्व ही नहीं है। यह फर्म आखिर कहां संचालित हो रही है, इसका जवाब सिर्फ पंचायत के लापता रहने वाले सचिव ही दे सकते हैं। क्या यह केवल कागजी फर्म बनाकर राशि आहरण करने का कोई सुनियोजित षड्यंत्र है।

### रेत नहीं, मिट्टी से खड़ी हो रही दीवारें!

निर्माण स्थल पर नजर डालें तो भ्रष्टाचार की परतें साफ दिखाई देती हैं। पक्के निर्माण में जिस रेत का उपयोग किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता इतनी घटिया है कि उसे देखकर कोई भी कह दे कि यह भवन लंबे समय तक टिकने वाला नहीं है। निर्माण कार्य पूरी तरह से मेट के भरोसे छोड़ दिया गया है। कायदे से तकनीकी अमले की मौजूदगी में काम होना चाहिए, लेकिन यहां सचिव ने अपनी मनमर्जी और भ्रष्टाचार को ढाल बनाने के लिए तकनीकी निर्देशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

### पंचायत से दूरी, भ्रष्टाचार से करीबी

कुशमहाखुर्द के सचिव अपनी कार्यशैली के लिए विख्यात हो चुके हैं। ग्रामीणों की मानें तो साहब को पंचायत भवन में ढूंढना भूसे के ढेर में सुई ढूंढने जैसा है। अक्सर गायब रहने वाले इन महाशय ने भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित करने में महारत हासिल कर ली है। ताज्जुब की बात यह है कि जिले के आलाधिकारियों की नाक के नीचे यह खेल चल रहा है और जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं।

### तकनीकी अमले पर फेरा पानी

इस पूरे अंधेरे में तकनीकी अमला ही है जो नियमों की मशाल जलाए हुए है। उपयंत्री ने मामले की गंभीरता को समझते हुए पूर्व में ही रेत की खराब गुणवत्ता को लेकर नोटिस जारी किया था। उपयंत्री की तत्परता और स्पष्टवादिता काबिल-ए-तारीफ है, जिन्होंने दोटूक कहा है कि यदि नोटिस के बावजूद खराब सामग्री नहीं हटाई गई है, तो यह सरासर गलत है। तकनीकी अमले ने अब बिलों और रॉयल्टी की जांच का कड़ा रुख अख्तियार किया है, लेकिन सवाल यह है कि जब तकनीकी अमला सुधार के निर्देश दे रहा है, तो पंचायत के जिम्मेदार इतने बेलगाम कैसे हो गए कि वे सरकारी निर्देशों को रौंदकर घटिया काम करा रहे हैं।

### पुराने दाग और मौन प्रशासन

बिरसिंहपुर पाली जनपद की पंचायतों में भ्रष्टाचार कर साफ बच निकलना एक पुरानी परंपरा बन गई है। पिछले वर्षों में प्रमाणित भ्रष्टाचार के मामलों में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आज तक दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यही वजह है कि आज कुशमहाखुर्द के सचिव और सरपंच के हौसले बुलंद हैं। जिले के मुखिया का अपने मातहतों पर से नियंत्रण खोना आम जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी का कारण बन रहा है।

### इनका कहना है...

हमने गुणवत्ता को लेकर नोटिस जारी किया है। रेत और सामग्री की जांच जारी है। यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो बिल और रॉयल्टी की सूक्ष्मता से जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सुमित दामोदर**
**उपयंत्री**
**जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली**

### जांच की जायेगी

मामला संज्ञान में नहीं है, अगर निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही की जा रही है तो, तकनीकी अमले से बात कर जांच कराई जायेगी।

## कलेक्टर ने एनआरसी का किया औचक निरीक्षण



### भर्ती बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला चिकित्सालय उमरिया स्थित एनआरसी केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा एनआरसी में भर्ती बच्चों के अभिभावको से अस्पताल व्दारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में पूछताछ की जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।** निरीक्षण के दौरान 14 बच्चे भर्ती पाए गए। शेष 6 बिस्तरों के रिक्त रहने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए महिला एवं बाल विकास अधिकारी को कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महोबा दादर निवासी सुषमा, महुरी निवासी ज्योति बैगा, बिछुआ निवासी आरती तथा कनेरी निवासी पार्वती से बातचीत करते हुए बच्चे के स्वास्थ्य के संबंध में पूछताछ की।जिस पर उन्होने बताया कि अस्पताल प्रबंधन व्दारा समय पर चाय,नाश्ता,भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है । कलेक्टर ने अभिभावको से कहा कि एनआरसी में 14 दिन तक बच्चों को भर्ती रहनें दें । यहां से डिस्चार्ज के बाद फालोअप किया जाएगा यदि फालोअप के बाद भी बच्चे के स्वास्थ्य मे सुधार नही आता है तो,उसे पुनः एनआरसी में भर्ती कराएं। निरीक्षण के दौरान आर एम ओ डाक्टर संदीप सिंह सहित अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## एक दिवसीय अनुभव साझा कार्यशाला संपन्न

**उमरिया।** एक दिवसीय अनुभव साझा कार्यशाला कन्या शिक्षा परिसर,पाली में 21वीं सदी के जीवन कौशल 'सक्षम' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ पूजा द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान 'मेरी सीख' गैलरी एवं विद्यार्थियों की 'मेरी सीख' कॉपियों का अवलोकन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता एवं सीख को सराहा गया। शिक्षकों, जनशिक्षकों, बीएसी, ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक, मास्टर ट्रेनर्स, हेड मास्टर्स द्वारा अनुभव साझा किए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र



प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ बृजेश शर्मा,डाईट प्राचार्य उमरिया, जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह , एसडीओपी पाली शिव चरण बोहित ,महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी पाली मोनिका सिन्हा सरिता जैन, मंडल संयोजक संजय पांडेय एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पाली की प्राचार्य ऊषा राजपूत , डीपीएम महारन प्रताप सिंह,ट्रेनिंग मैनेजर संजय गौतम एवं शहपुरा बीपीएम उमेश वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## 3.093 किलोग्राम गांजा जप्त, आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**राजनगर।** थाना रामनगर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सफलता प्राप्त की है। 28 जनवरी को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना रामनगर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी दुर्गेश महरा पिता भीमसेन महरा, उम्र 24 वर्ष, के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 3.093 किलोग्राम (अनुमानित कीमत 1,50,000) एवं एक काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल अनुमानित कीमत 1,00,000, को साक्षियों के समक्ष विधिवत जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। आरोपी दुर्गेश महरा पिता भीमसेन महरा, उम्र 24 वर्ष, निवासी बड़का मोहल्ला झिरिया चौकी केशवाही, थाना बुढार, जिला शहडोल, का उक्त कृत्य धारा 8/20(ठ) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से उसे विधिवत गिरफ्तारी पत्रक के माध्यम से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी पश्चात आरोपी को हमराह स्टाफ, साक्षीगण, जप्तशुदा मादक पदार्थ एवं वाहन के साथ थाना लाया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 28/26, धारा 8/20(ठ) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तत्पश्चात आरोपी को न्यायालय अनूपपुर में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, सहायक उप निरीक्षक उमेश तिवारी, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी, प्रधान आरक्षक राहुल प्रजापति, आरक्षक अनुराग सिंह एवं आरक्षक अनुराग भार्गव की सराहनीय भूमिका रही है।

## परीक्षा के समय आनंद उत्सव बना बच्चों की पढ़ाई का दुश्मन, बदरा जनपद में शिक्षा से खिलवाड़



**बदरा/जमुना।** अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत बदरा क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे तथाकथित "आनंद उत्सव" ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस समय फरवरी माह से स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं नजदीक हैं, उसी समय बच्चों को पढ़ाई से जबरन दूर कर उत्सव के कार्यक्रमों, रैलियों और मंचीय आयोजनों में शामिल किया जा रहा है। इससे अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आनंद उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़ है। परीक्षा से ठीक पहले बच्चों को स्कूल की पढ़ाई से हटाकर कार्यक्रमों में लगाना उनके शैक्षणिक भविष्य पर सीधा प्रहार है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी और शिक्षक अपनी मूल जिम्मेदारी छोड़कर उत्सव में व्यस्त नजर आ रहे हैं, जबकि शिक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह नजर अंदाज की जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उत्सव मनाने में व्यस्त हैं, जबकि गांवों में शिक्षा, सड़क, पानी और अन्य मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या आनंद उत्सव बच्चों की शिक्षा से बड़ा हो गया है। अब सभी की नजरें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह कब इस मामले में हस्तक्षेप कर बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देता है।

## शासकीय महाविद्यालय में सिकल सेल एनीमिया शिविर का आयोजन



**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा के यूथ रेड क्रॉस क्लब द्वारा जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी के साथ संयुक्त तत्वाधान में सिकल सेल एनीमिया शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सर्वप्रथम सिकल सेल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तत्पश्चात रक्त की जांच जिसके अंतर्गत हीमोग्लोबिन, सीबीसी, आरएफटी, सिकल सेल एवं ब्लड ग्रुप आदि की जांच की गयी एवं जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी की टीम द्वारा अध्ययनरत विद्यार्थियों को जागरूक करने का कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ एवं 60 विद्यार्थियों ने सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

## बढ़ते अपराध और नशे के खिलाफ युवा कांग्रेस का पैदल मार्च, एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**बदरा/जमुना।** कोतमा अनुविभाग क्षेत्र में बढ़ते अपराध, नशे एवं अवैध गतिविधियों के विरोध में युवा कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में भालूमाड़ा मजदूर चौक से एसडीओपी कार्यालय कोतमा तक पैदल यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा के समापन पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई गई। पदयात्रा के दौरान अवैध शराब व नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री, रेत चोरी, अवैध उत्खनन, सट्टा, गांजा तस्करी, गौ-तस्करी, चोरी, बलात्कार




एवं हत्या जैसी गंभीर घटनाओं पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि कोतमा अनुविभाग में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं में असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में केवल औपचारिक कार्यवाही कर अपराधियों के हौसले बढ़ाए जा रहे हैं। युवा कांग्रेस ने मांग की कि अवैध शराब, नशा, सट्टा, दलाली, अवैध उत्खनन, रेत चोरी, गांजा एवं गौ-तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त व ठोस कार्रवाई की जाए। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए नियमित और प्रभावी पुलिस गश्त सुनिश्चित की जाए। अंत में चेतावनी देते हुए मानवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो युवा कांग्रेस जनहित में उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष कोतमा नदीम अशरफी, संध्या वर्मा, बिलाल हुसैन, अमित सिंह, बिलाल खान, पंकज पाण्डेय, अरविंद मिश्रा, रितेश सिंह, जयप्रकाश पाण्डेय, संदीप यादव, शिवम सराफ सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ किया भोजन



**राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 123 में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया तथा गणतंत्र दिवस के बारे में बच्चों को देश की आजादी के बारे में बताया। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पौष्टिक आहार के अंतर्गत छोले की सब्जी, पूड़ी, खीर, परोसा गया। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह ने इन बच्चों के साथ बैठकर उनके साथ बातचीत की तथा उनके साथ बैठकर भोजन किया। धर्मेंद्र सिंह द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र कि सहायिकाओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

खबर संक्षेप

## आरक्षक के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को सश्रम कारावास

**उमरिया।** मीडिया प्रभारी अभियोजन नीरज पाण्डेय द्वारा बताया गया कि, घटना 01 फरवरी 2018 को रात्रि लगभग 9 बजे घटना स्थल अमरपुर रोड के किनारे फैयाज का ढाबा की है। चौकी अमरपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ फरियादी विश्वनाथ गुर्जर हमराह आरक्षक 248 अभय काछी को साथ लेकर अमरपुर के रोड के किनारे फैयाज के ढाबा में शराब विकने की सूचना पर चेकिंग करने गया था, ढावा के मालिक फैयाज व लल्लू उर्फ मो. आसिक निवासी अमरपुर थाना इंदवार मिले। ढावा पर कुछ लोग बैठकर शराब पी रहे थे. विश्वनाथ गुर्जर द्वारा मना करने पर अभियुक्तगण द्वारा शराब पीने वालों को भगा दिया गया और वे फरियादी से लडने गये और बोले कि बडा पुलिस वाला बनता है, तब आरक्षक अभय काछी द्वारा अभियुक्तगण को रोका गया तो दोनों अभियुक्तगण मां बहन की गाली देकर उनसे झगडने लगे, फरियादी विश्वनाय गुर्जर के सिर पर अभियुक्त लल्लू उर्फ मो0 आसिक ने लाठी से मारा तो वह शुक गया तो उसके पीठ में लाठी से चोट आई थी तथा आरक्षक अभय काछी को भी पीठ पर चोट आई, तब आबाज देने पर चौकी से स्टाफ रोहणी मिश्रा, सोहन सिंह मुंशी व आर0 रंजीत सिंह ने आकर बीच-बचाव किया। फरियादी ने उक्त घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना इंदवार में की जहां अभियुक्तगण के विरुद्ध भा.द.सं. की धारा 353, 332, 186 एवं 34 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध में एफआईआर लेख की गई। विवेचना के दौरान प्रधान आरक्षक सोहन सिंह, आरक्षक अभय काछी. आरक्षक विश्वनाथ सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक रोहिणी प्रसाद निधा एवं आरक्षक रंजीत सिंह के कथन लेखबद्ध किए गए। सम्पूर्ण विवेचना उपरान्त अभियुक्तगण के विरुद्ध उक्त धाराओं के अधीन दण्डनीय अपराध में अभियोग-पत्र निराकरण हेतु माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में प्रभावी संचालन एवं सशक्त पैरवी एडीपीओ बी नीरज पाण्डेय द्वारा किया गयाँ। अभियोजन ने प्रकरण में भा.द.सं. की धारा 294 एवं 332/34 का अपराध संदेह से परे प्रमाणित किया एवं आरोपी लल्लू उर्फ मोहम्मद आशिक पिता मोहम्मद हासिम एवं मोहम्मद फैयाज पिता मोहम्मद हासिम को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट थी दीपक कुमार अग्रवाल के न्यायालय उमरिया से उपर्युक्त धाराओं में अधिकतम दण्ड देने का निवेदन किया गया।

## सीएसआर गतिविधि अंतर्गत सोलर पैनल की यूनिट सहित अन्य सामग्री की गई भेंट




**उमरिया।** एलडीएम सेवकराम सोनवानी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक उमरिया द्वारा स्वास्थ सेवाओं को बेहतर बनाने और स्वास्थ्य सम्बन्धी योगदान हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिलासपुर में सीएसआर गतिविधि अंतर्गत सोलर पैनल कि यूनिट,वाटर कूलर,स्ट्रेचर, एवं व्हील चेयर भेट किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक शहडोल के क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार मंडल, डॉ. वी .एस. चंदेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी उमरिया, भीष्म सिंह मानव संसाधन विभाग शहडोल,निशांत बाजपाई मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक उमरिया, सेवक राम सोनवानी जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक उमरिया, एस.पी. गुप्ता जिला कार्यक्रम समन्वयक तथा नर्सिंग स्टाफ मोनिका नागपुरे उपस्थित रहे।

## शिक्षक कांग्रेस की प्रांतीय बैठक 1 फरवरी को भोपाल में

**स्लीमनाबाद।** प्रदेश के लाखों शिक्षकों ,अतिथि शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाले शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस की प्रांतीय बैठक 1 फरवरी 2026 रविवार को भोपाल में संगठन के संरक्षक पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा की उपस्थिति में आयोजित होगी ।

# केन्द्रीय विद्यालय एस ई सी एल नौरोजाबाद में दादा-दादी/नाना-नानी दिवस का आयोजन


बिरसिहपुर पाली उमरिया




केंद्रीय विद्यालय एस ई सी एल नौरोजाबाद में गुरुवार को दादा-दादी व नाना-नानी दिवस समारोह सफलता पूर्वक मनाया गया। प्राथमिक विभाग के शिक्षकों के दिशा निर्देशन में नन्हें मुन्हें छात्र-छात्राओं ने तरह-तरह के गान और नृत्य की प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी का सम्मान भी किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने दादा-दादी और नाना-नानी को तिलक लगाकर स्वागत किया। स्वागत गीत, ड्रामा और नृत्य के द्वारा तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए । जिसकी कार्यक्रम में उपस्थित दादा-दादी व नाना-नानी द्वारा प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्राचार्य संतोष कुमार द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद हुई। दादा-दादी और नाना-नानी का स्वागत विद्यालय के मुख्य अध्यापक बीरेंद्र कुमार साहू के स्वागत भाषण द्वारा किया गया। कार्यक्रम के बीच-बीच में दादा-दादी और नाना-नानी के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद एवं शिक्षकों द्वारा प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। मुख्य अतिथि ने पारिवारिक व्यवस्था की चर्चा करते हुए दादा-दादी, नाना-नानी को बच्चों की नैतिक शिक्षा के लिए कहानियों आदि से अच्छे कार्य के लिए प्रेरित करने की अपील की। आगंतुक दादा-दादी और नाना-नानी के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तदुपरांत विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# विधायक की पहल पर सडकों का होगा पुर्ननिर्माण लोक निर्माण विभाग ने दी प्रशासकीय स्वीकृति

बिरसिंहपुर पाली





मानपुर विधान सभा क्षेत्र की लोक प्रिय विधायक सुश्री मीना सिंह की पहल से आदिवासी क्षेत्र पाली की खस्ताहाल हो चुकी सडकों के पुर्ननिर्माण की आश जाग गयी है, और पाली विकास खंड के दो मार्ग के 93 किलोमीटर सडक के पुर्ननिर्माण के लिए 22 करोड़ 10 लाख व्यय करने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विदित होवे की क्षेत्र की पाली से सुन्दर दादर होकर छोट तुम्मी तक 48 किलोमीटर और सोहागपुर से मानपुर 45 किलोमीटर की सडक मार्ग जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी थी, जिन सडकों के निर्माण कराने के लिए लिए विधायक सुश्री मीना सिंह ने लगातार लोक निर्माण मंत्री माननीय राकेश सिंह से मिलकर वास्तविकता से अवगत कराते हुए लोगों के आवागमन में हो रही समस्याओं को उठाती रही है, जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग व्दारा प्रदान की गयी है। जिसकी विधिवत सूचना माननीय लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने क्षेत्रीय विधायक को पत्र लिखकर प्रदान की है। इस खबर से क्षेत्र के नागरिकों में बेहद खुशी देखने को मिल रही है, और लोगों ने विधायक सुश्री मीना सिंह की इस कर्तव्य निष्ठा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त किया है। मालूम होवे की पिछले दिनों पाली नौरोजाबाद मुख्य मार्ग के पुर्ननिर्माण के लिए भी विधायक की पहल पर निर्माण कार्य कराया गया जो नगर की सुन्दरता और आवागमन को सुगम बना दिया है, जिससे लोगों में उनके कृतित्व के बेहद उत्साह देखा जा रहा है।



# जिला चिकित्सालय में निःशुल्क जन्मजात हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

हरिभुमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, जिला अनूपपुर के सहयोग से जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत सहयोगी संस्था नारायणा हृदयालय लिमिटेड, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. प्रिया प्रधान (सीनियर पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट) एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा बुधवार को निःशुल्क जन्मजात हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए कुल 42 बच्चों का पंजीयन कर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विस्तृत परीक्षण किया गया। जांच उपरांत 19 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क सर्जरी हेतु चयनित किया गया है। इसके अतिरिक्त 03 बच्चों को उच्च स्तरीय जांच एवं उपचार परामर्श हेतु नारायणा हृदयालय, मुंबई रेफर किए जाने हेतु चिन्हित किया गया है। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. परस्ते, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. सी. राय, डॉ. मोहन सिंह श्याम, डॉ. वीरेंद्र खेस, डॉ. कमलेश बघेल, निश्चय चतुर्वेदी, टीम के चिकित्सकगण डॉ. प्रीति जैन, डॉ. आशीष शिवहरे, डॉ. अजय मंडल, डॉ. एस. एन. पिटानिया, डॉ. के. पी. सिंह, डॉ. राज साहू,। स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 13 फरवरी तक चलाया जाएगा

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान आयोजित किया जाएगा। इस हेतु पंचायतों द्वारा कुष्ठ रोग के प्रति समाज में व्याप्त भय, भ्रम एवं भ्रांति को मिटाने के लिए अपील समान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न, सूचना, शिक्षा संचार एवं संलग्न मार्गदर्शिकानुसार आयोजित किया जाएगा एवं समाज को कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति से भेदभाव न करने के लिये शपथ दिलाई जाएगी साथ ही पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक नये कुष्ठ रोबी खोजा जाएगा। उन्होंने कहा है कि विकासखण्ड स्तर पर पीओडी कैम्प का आयोजन करवाना सनिश्चित करें, अभियान के उपरांत जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उमरिया में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित है कि दिनांक 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान आयोजित करना सुनिश्चित करें।

# अवैध रेत उत्खन्न परिवहन करने वाले मेटाडोर, 2 ट्रेक्टर एवं आरोपियों के विरूध्द की गई कार्यवाही

हरिभुमि न्यूज अनूपपुर।



28 जनवरी को रात्री करीब 10.00 बजे पुलिस स्टाफ चौकी वेकंटनगर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति एक स्वराज कम्पनी का ट्रेक्टर ट्राली मे सुलखारी गांव की अलान नदी से अवैध रेत चोरी कर के ट्रेक्टर ट्राली में लोड कर के सुलखारी से कच्चे रास्ते से सिंहपुर की ओर रेत बेंचने आने वाला है जो वेंकटनगर पुलिस स्टाफ द्वारा मुखबिर के बताये स्थान सिंहपुर से सुलखारी जाने वाला कच्चा रास्ता पर रूककर छिपकर ट्रेक्टर का इन्तजार किया तो सुलखारी तरफ से अंधेरे में एक ट्रेक्टर आते दिखा जिसे उपरोक्त हमराह स्टाफ के साथ हाथ देकर रूकवाया गया जो ट्रेक्टर चालक नें ट्रेक्टर को खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रेक्टर से कूदकर झाड़ीयो तरफ भाग गया जिसका पीछा किया गया जो अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। मौके पर उपस्थित साक्षीयों के समक्ष स्वराज कम्पनी के ट्रेक्टर ट्राली को चेक किया गया जो उक्त ट्रेक्टर के सामने रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नही था ट्राली में भी रजि.नं. अंकित नही था ट्राली मे फुल ट्राली 03 घन मीटर रेत खनिज भरी होना पायी गई जो अज्ञात आरोपी ट्रेक्टर ट्राली चालक/मालिक का कृत्य धारा 303(2),317(5), 305(ई) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खान खनिज विकास अधिनियम 1957 के तहत दण्डनीय पाये जाने से एक अदद पुराना इस्तेमाली बिना रजि. नं. का स्वराज कम्पनी का नीला सफेद रंग का ट्रेक्टर तथा पीछे लगी बिना नंबर की केसरिया रंग की ट्राली में लोड 03 घन मीटर अवैध रेत खनिज ट्रेक्टर ट्राली कीमति पांच लाख रूपये, अवैध रेत लोड खनिज कीमती पांच हजार रूपये की कुल मशरूका पांच लाख पांच हजार रू. का समक्ष उपरोक्त गवाहन 28 जनवरी के 22.42 बजे विधिवत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया।

इसी तरह 29 जनवरी को रात्री 12.50 बजे दौरान भ्रमण कस्बा वेकंटनगर में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की शुभांशु शुक्ला उर्फ विपुल टी.पी. शुक्ला कॉलेज के आगे तिपान नदी से अवैध रेत अपने टाटा मेटाडोर वाहन में लोड कर वेंकटनगर पड़खुरी कच्चे रास्ते से वेंकटनगर की ओर रेत बेंचने आने वाला है जो हमराह स्टाफ एवं उक्त गवाहो के मुखबिर के बताये स्थान टी.पी. शुक्ला कॉलेज के पास तिपान नदी से वेंकटनगर पड़खुरी कच्चे रास्ते की ओर आने वाले कच्चे रास्ते पर रूककर वाहन का इन्तजार किया तो तिपान नदी तरफ से एक मेटाडोर वाहन आता दिखाई दिया जिसे उपरोक्त गवाहो के समक्ष रोककर चेक किया गया तो एक टाटा मेटाडोर वाहन के वाहन चालक से नाम पता पूछां गया तो अपना नाम शुभांशु शुक्ला उर्फ विपुल पिता सुदेश शुक्ला उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम वेंकटनगर का होना बताया एवं उक्त वाहन स्वयं के नाम पर रजिस्टर्ड होना बताया उक्त वाहन के डाला में फुल डाला 05 घन मीटर रेत खनिज भरी होना पाया गया वाहन स्वामी/चालक से उक्त मेटाडोर वाहन के डाला में लोड रेत खनिज की वैध टीपी की जानकारी चाही गई जो वाहन स्वामी/चालक ने जानकारी देते हुए बताया की मेरे पास उक्त मेटाडोर वाहन के डाला में लोड रेत खनिज का कोई कागजात टी.पी. नही है उक्त वाहन के डाला में तिपान नदी से रेत लोड करके ग्राम वेंकटनगर ले जा रहा था वाहन स्वामी/चालक के द्वारा अपने स्वामित्व के वाहन में अवैध रूप से रेत (खनिज) चोरी कर परिवहन करना पाया गया जो आरोपी वाहन स्वामी/चालक का कृत्य धारा 303(2), 317(5), 305(ई) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खान खनिज विकास अधिनियम 1957 के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी उपरोक्त के कब्जे से उक्त टाटा कंपनी का मेटाडोर वाहन मय लोड 05 घन मीटर अवैध रेत (खनिज) वाहन एवं रेत कुल कीमती 1205000 रूपये की जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया।

इसी तरह टाटा मेटाडोर वाहन (डग्गी) पर कार्यवाही के दौरान रात्री 02.00 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तिपान नदी से खेलन सिंह बिना नंबर के जॉनडियर ट्रेक्टर ट्राली से अवैध रेत खनिज लोड कर वेंकटनगर की ओर आ रहा है जो मुखबिर की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहो के मुखबिर के बताये स्थान टी.पी. शुक्ला कॉलेज के पीछे तिपान नदी की ओर कच्चे रास्ते गया जो तिपान नदी के पास पहुंचे तो एक ट्रेक्टर तिपान नदी में नदी के सूखे स्थल की रेत में चल रहा था जिसे हमराह स्टाफ के साथ रूकवाया गया मौके पर उपस्थित गवाहो के समक्ष ट्रेक्टर ट्राली को चेक किया गया तो एक जॉनडियर ट्रेक्टर ट्राली वाहन जिसके सामने एवं पीछे रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नही था एवं ट्राली में 02 घन मीटर रेत खनिज लोड पायी गयी उक्त वाहन ट्रेक्टर चालक से नाम पता पूंछा गया तो अपना नाम खेलन सिंह पिता दादूराम सिंह गोंड़ उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम खोड़री टिकराटोला थाना जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) का होना बताया एवं उक्त वाहन मालिक मथुरा प्रसाद भैना निवासी भसखुरा जिला जीपीएम. (छ.ग.) के नाम पर रजिस्ट्रर्ड होना बताया चालक खेलन सिंह से मौके पर उक्त ट्रेक्टर की ट्राली में लोड रेत खनिज की वैध टीपी की जानकारी चाही गई जो ट्रेक्टर चालक खेलन सिंह नें जानकारी देते हुए बताया की मेरे पास उक्त ट्रेक्टर की ट्राली में लोड रेत खनिज का कोई कागजात टी.पी. नही है उक्त ट्रेक्टर ट्राली में तिपान नदी से रेत लोड करके ट्रेक्टर मालिक मथुरा प्रसाद भैना के कहने पर ग्राम वेंकटनगर बेंचने ले जा रहा था चालक खेलन सिंह वाहन स्वामी मथुराप्रसाद भैना के द्वारा उक्त ट्रेक्टर में अवैध रूप से रेत (खनिज) चोरी कर परिवहन करना पाया गया जो आरोपी ट्रेक्टर वाहन स्वामी मथुरा प्रसाद भैना एवं चालक खेलन सिंह का कृत्य धारा 303(2), 317(5), 305(ई) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खान खनिज विकास अधिनियम 1957 के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी उक्त ट्रेक्टर चालक के कब्जे से उक्त विना रजिस्ट्रेशन नं. का ट्रेक्टर मय ट्राली जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी वेंकटनगर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार साहू एवं सउनि. सुरेश कुमार अहिरवार, प्र.आर.158 मनोज कुमार लकड़ा, आर.281 सोनू पर्ते एवं 288 विजय टाटू की सराहनीय भूमिका रही है ।

# शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न




हरिभुमि न्यूज अनूपपुर।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में बाल विवाह मुक्त भारत के अन्तर्गत जिला न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया एवं विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल की उपस्थिति में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश ने उपस्थित विद्यार्थियों को गुड टच बैड टच, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, बालिकाओं का अधिकार एवं नालसा की आशा योजना के अन्तर्गत विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य के लिए घातक है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास पर बुरा प्रभाव पडता है। कानूनन लडके की उम्र 21 वर्ष और लडकी की उम्र 18 वर्ष से पहले विवाह करना अपराध है। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल द्वारा नालसा, बालको के लिए मैत्रीपूर्ण स्कीम 2024 की जानकारी सहित विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्यस्थता की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों को चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 एवं नालसा टोलफ्री नंबर 15100 से सहायता लने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य एस. के. मिश्रा, शिक्षक व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।



# विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप हुआ आयोजित

## शिविर में कुल 40 विद्यार्थियों के बनाए गए लर्निंग लाइसेंस

हरिभुमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में आज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना तथा जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम के समन्वित प्रयास से विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। शिविर में जिला परिवहन अधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी तथा ड्राइविंग लाइसेंस एवं लर्निंग लाइसेंस बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने सुरक्षित वाहन चलाने एवं यातायात नियमों के पालन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। शिविर के माध्यम से कुल 40 विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। शिविर में तुलसी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रो. विनोद कुमार कोल, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, प्रो. शाहबाज खान, प्रो. ऋषिकेष चंद्रवंशी, डॉ. संजीव द्विवेदी, डॉ. तरन्नुम सरवत एवं डॉ. बृजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्युत वितरण कंपनी का जैतहरी उपकेंद्र बना पोस्टिंग का अखाड़ा



**अनूपपुर।** मप्र पू क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अनूपपुर संभाग अंतर्गत जैतहरी विद्युत उपकेंद्र इन दिनों कार्य व्यवस्था से ज्यादा पोस्टिंग विवाद को लेकर चर्चा में है। यहां पदस्थापना को लेकर दो जूनियर इंजीनियर आरके गुप्ता और यूके गुप्ता पिछले कई महीनों से आमने सामने हैं। हालात यह हैं कि दोनों ही अधिकारी किसी भी कीमत पर जैतहरी उपकेंद्र छोड़ने को तैयार नहीं दिख रहे। सूत्रों के अनुसार यह खींचतान अब महज दफ्तर की फाइलों तक सीमित नहीं रही है। अंदरखाने दबाव, सिफारिशें और जोड़तोड़ का दौर लगातार चल रहा है। ऐसे में सवाल उठना लाज़मी है कि आखिर जैतहरी उपकेंद्र में ऐसा क्या खास है, जिसके लिए दोनों अधिकारी इतनी जिद पर अड़े हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चाएं तेज हैं और लोग तंज कसते हुए पूछ रहे हैं कि क्या यहां कोई सोना चांदी की खदान है या फिर कमाई के ऐसे रास्ते, जो दोनों अधिकारियों को आकर्षित कर रहे हैं। इस विवाद का सीधा असर उपकेंद्र की कार्यप्रणाली पर भी दिखाई देने लगा है। कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है, वहीं उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण में देरी की बातें भी सामने आ रही हैं। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते उच्च स्तर पर स्पष्ट और निष्पक्ष निर्णय नहीं लिया गया, तो नुकसान सिर्फ विभाग की छवि को नहीं, बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी भुगतना पड़ेगा।

### लगातार सामने आ रही खड़ी गाड़ियों से बैटरी चोरी की घटनाएं

**कोतमा।** नगर में खड़ी गाड़ियों से बैटरी चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। नए मामले में वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में रहने वाले मोहम्मद अब्दुल उर्फ अफजल 23 वर्ष के घर के सामने खड़ी ऑटो से अज्ञात चोरों के द्वारा रात में बैटरी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सुबह पता चली जब गाड़ी स्टार्ट करने पर नहीं हो सकी चेक करने पर बैटरी गायब पाई गई। थाने में शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए तलाश की जा रही है। पुलिस ने चोरी की धाराओं में मामला दर्ज करते हुए कुछ संदेहियों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने बताया कि बदमाशों की तलाश जारी है जल्द ही चोर सलाखों के पीछे होंगे।

### ग्रामोदय से अभ्युदय की ओर बढ़ा चुकान





**सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम में ग्रामीणों को मिली योजनाओं की जानकारी**

**बदरा/जमुना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में आज 28 जनवरी को विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक 4 अंतर्गत ग्राम पंचायत चुकान में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम एवं ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत ग्राम विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता देते हुए महिलाओं को नशे से दूर रहने, परिवार एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, नोडल अधिकारी के रूप में माध्यमिक विद्यालय चुकान के प्राचार्य राम प्रजापति, कृषि विभाग से श्री परस्ते, पशुपालन विभाग से श्री मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चुकान के अध्यक्ष बेसाहन प्रजापति, परामर्शदाता कृष्णा देवी, शिवानी सिंह तथा छात्राएं त्रिवेणी एवं अंजली की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी और ग्राम विकास में सहभागिता का संदेश दिया गया।

## मामला पुष्पराजगढ़ जनपद के ग्राम हर्राटोला पंचायत का

# 7 लाख 59 हजार की पीसीसी सड़क महज ग्रामीणों से छलावा





**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद में भ्रष्टाचार अब फाइलों में नहीं, बल्कि सड़क पर दरारों के रूप में साफ दिखाई दे रहा है। ग्राम पंचायत हर्राटोला में 7 लाख 59 हजार की लागत से बनी पीसीसी सड़क ग्रामीणों के लिए सुविधा नहीं, बल्कि छलावा साबित हो रही है। कागजों में मजबूत निर्माण, जमीनी हकीकत में मानक के विपरीत घटिया काम और खुली लूट है यही इस नव निर्मित पीसीसी सड़क की पहचान बन चुकी है। भ्रष्टाचार की बानगी अगर देखनी हो तो अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद की पंचायतों में हुए निर्माण कार्यों पर एक नजर ही काफी है। यहां विकास कार्यों के मानक सिर्फ तकनीकी रिपोर्ट और फाइलों तक सीमित रहते हैं, जमीन पर नहीं। ग्राम पंचायत हर्राटोला के सोनियामार खाल्हेटोला में हाल ही में मनरेगा मद से 1 लाख 28 हजार और 15वें वित्त आयोग से 6 लाख 31 हजार, कुल 7 लाख 59 हजार की लागत से 160 मीटर लंबी पीसीसी सड़क बनाई गई है। सड़क के साथ नाली निर्माण का भी प्रावधान था, लेकिन वह भी अधूरा और दिखावटी साबित हुआ है। सड़क बनने के कुछ ही दिनों में आई दरारों ने घटिया निर्माण की पोल खोल दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क छह महीने भी टिक जाए तो बड़ी बात होगी। जिम्मेदारों की चुप्पी और मिलीभगत ने इस पूरे मामले को संदेह के घेरे में ला दिया है।

### तकनीकी मानकों की खुलेआम धज्जियां

तकनीकी रिपोर्ट के अनुसार 20 सेमी गहरी अर्थवर्क, 3 मीटर चौड़ी मुरूम भराई, दो चरणों में पीसीसी मानक (एम-10, 40एमएम की गिट्टी से और एम-15, 20एमएम की गिट्टी से), साइड शोल्डर, पीवीसी पाइप और नाली निर्माण अनिवार्य था। लेकिन मौके पर इन मानकों का नामोनिशान तक नहीं मिला है। केवल 40 एमएम गिट्टी बिछाकर ऊपर से 20 एमएम का मसाला डाल दिया गया और सड़क को पूरा बता दिया गया है।

### दरारों ने बयां की भ्रष्टाचार की कहानी

सड़क बनने के कुछ ही दिनों में जगह-जगह दरारें उभर आईं है। नालियां नाम के लिए बनाई गई है वह भी आधी-अधूरी और किनारे की पट्टी महज औपचारिकता बनकर रह गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क पहली बारिश में ही जवाब दे देगी। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद गुणवत्ता शून्य नजर आ रही है। जिसमें इंजीनियर और सरपंच पति के कारनामे इस काम से उजागर हो रहे है।

### पंचायत में ठेकेदारी का खेल

सूत्र बताते हैं कि सरपंच पति खुद ही पंचायत में ठेकेदार की भूमिका निभा रहे हैं और मनमाने तरीके से काम करवाया गया है साथ ही पंचायत में कई ऐसे बिलों का भुक्तान भी किया गया है जो जमीन पर कार्य हुए ही नहीं है मतलब फर्जी तरीके से सरकारी राशि का बंदरबाट किया गया है। इस पूरे खेल में इंजीनियर अजय टांडिया की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। घटिया निर्माण और फर्जी बिलों के भुक्तान के बावजूद न तो रोक लगी और न ही कोई आपत्ति दर्ज हुई है जो मिलीभगत की और इशारा करता है।

### कार्यवाही सिर्फ बयान तक सीमित

ग्रामीणों में आक्रोश है कि हर बार जांच और निरीक्षण की बात होती है, लेकिन कार्यवाही कभी नहीं होती है। सवाल यह है कि क्या इस बार जिम्मेदारों पर गाज गिरेगी या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। इस पंचायत के ग्रामीण अब आस भरी नजरों से जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की ओर न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हुए है कि पंचायत के सरकारी राशि का बिना कार्य के फर्जी भुक्तान, सरपंच पति की मनमानी और ठेकेदार मानक के विपरीत हुए कार्यों पर भ्रष्टाचार के खेल आखिर कार्यवाही कब तक हो पाएगी?

### इनका कहना है

मैंने सरपंच से बात की है। बिल होने पर आपका हिस्सा आपको मिल जाएगा। सीईओ साहब सब जानते हैं।

**अजय टांडिया**
**इंजीनियर**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है। मैं स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करूंगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**गणेश पाण्डेय, सीईओ**
**जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़**

# क्रीड़ा परिसर-बराती-हिंडालको मार्ग का उड़ा परखच्चा

**नया बना मार्ग अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू**



**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पावन-पवित्र नगरी अमरकंटक नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अमरकंटक/शहडोल/रीवा राजमार्ग से वार्ड क्रमांक-2 बराती, वार्ड क्रमांक-3 एवं 4 हिंडालको तथा वार्ड क्रमांक-6 गुम्मा घाटी को जोड़ने वाला मार्ग अपनी बदहाली पर स्वयं सवाल खड़े कर रहा है। करीब 5/6 वर्ष पूर्व निर्मित यह सड़क आज जगह-जगह से उखड़ चुकी है। मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे दो-पहिया और चार-पहिया वाहनों का चलना भी जोखिम भरा हो गया है। हालत इतनी खराब है कि यह कहना मुश्किल हो गया है कि यह सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। पांच वर्षों के भीतर ही सड़क की यह दुर्दशा यह दर्शाने के लिए पर्याप्त है कि निर्माण कार्य किस स्तर और गुणवत्ता का कराया गया होगा। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क के आवश्यक पुनर्निर्माण व सुधार की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की थी, लेकिन घटिया एवं अमानक निर्माण के कारण आज यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क की स्थिति देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि निर्माण में गिट्टी, मुरूम और डामर का उपयोग कितनी मात्रा और किस गुणवत्ता का किया गया होगा। उल्लेखनीय है कि यह मार्ग मिनी स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों का हिस्सा था, लेकिन वर्तमान हालात में यह योजना की सच्चाई खुद बयां कर रहा है। अब आवश्यकता है कि पवित्र नगरी अमरकंटक के विकास कार्यों को धरातल पर उतारने वाले जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी इस दिशा में गंभीरता से ध्यान दें। विकास कार्य केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि मजबूत, टिकाऊ और दीर्घकालिक होने चाहिए। भले ही विकास कार्यों की संख्या कम हो, लेकिन वे गुणवत्तापूर्ण और स्थायी हों, यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। ऐसे घटिया विकास कार्यों से परहेज किया जाना चाहिए, जो अमरकंटक जैसी धार्मिक-पर्यटन नगरी की छवि को धूमिल करते हों।

# 38 दिनों से जिले में विचरण कर रहे तीन हाथी

### खेतों में लगी फसल एवं घरों, वनविभाग की फेंसिंग को पहुंचाया नुकसान



**अनूपपुर।** तीन हाथियों का समूह 38 दिनों से **निरंतर छत्तीसगढ़ राज्य से अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके से अनूपपुर इलाके में निरंतर विचरण कर रहे हैं हाथियों के द्वारा ग्रामीणों के खेतों में लगी फसलों के साथ घर वनविभाग की फेंसिंग एवं गेट में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है बुधवार की रात हाथी देखने गए ग्रामीणो को एक हाथी द्वारा की चिघांड कर दौडाये जाने पर भागते समय दो-तीन युवक गिरने के दौरान चोट आने से घायल हुए हैं गुरुवार के दिन तीनों हाथी फिर से छठवें दिन ग्राम पंचायत एवं वन बीट पोंड़ी के पोंड़ी एवं खांडा गांव के मध्य स्थित जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं।**

तीन हाथियों के समूह विगत 6 दिनों से अनूपपुर थाना तहसील एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं वन बीट पोंडी के पोंडी एवं खांडा के मध्य स्थित जंगल में दिन के समय निरंतर विश्राम करने बाद प्रत्येक शाम एवं रात को जंगल से निकल कर खांड़ा, पोंडी, मानपुर, बरबसपुर गांव में जो अनूपपुर जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है में पहुंचकर किसानों के खेतो जिसमें शिवदयाल सिंह पिता नारायण सिंह निवासी बरबसपुर के मानपुर गांव के छकौडीटोला में स्थित खेत जिसमें भारी मात्रा में किसान द्वारा गेहूं की फसल लगाई गई है मे निरंतर रात होते ही पहुंचकर गेहूं की फसल को आहार बना रहे हैं इसी दौरान मानपुर निवासी भूमेश दुबे पिता स्वर्गीय सुखीराम दुबे के खेत में लगी गेहूं की फसल को बुधवार गुरुवार की देर रात अचानक हाथी पहुंचकर घर का दरवाजा एवं अन्य वस्तु फेंसिंग वायर तोड़ कर गेहूं की फसल को खाया।

इसके एक दिन पूर्व पोंडी गांव के छुहाईटोला निवासी लूसन सिंह पिता रमेशा सिंह के बाडी में तीनों हाथी प्रवेश कर कच्चे घर की दीवाल को खाने की तलाश के चक्कर में तोड़फोड़ की हाथियों द्वारा विगत 6 दिनों के मध्य शाम के समय जंगल से गांव की ओर आने एवं सुबह होने पर विभिन्न गांव में विचरण करने बाद वापस जंगल जाते समय रास्ते में वन विभाग के द्वारा किए गए वृक्षारोपण की सुरक्षा हेतु लगाए गए फेंसिंग वायर एवं आरसीसी खम्बो को कई जगह से तोड़फोड़ कर एवं एक स्थान पर मुख्य गेट में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा है बुधवार की देर शाम तीनों हाथी खांडा एवं पोंड़ी के जंगल से निकलकर अनूपपुर जैतपुर मुख्य मार्ग को चंद्रा ढाबा के समीप से पार कर पोंडी गांव के छुहाईटोला निवासी विशाल चर्मकार के बांड़ी से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर पोंडी के विनायिका तालाब से मानपुर के छकौडीटोला के मध्य होकर जंगल से जाते समय हाथियों को देखने के लिए काफी संख्या में एकत्रित ग्रामीणो पर एक हाथी द्वारा तेजी से चिघाडते हुए दौड़ाये जाने पर दो-तीन युवक भागते समय गिरकर घायल हुए।

हाथियों के निरंतर विचरण करने एवं नुकसान करने से ग्रामीण जन भयभीत एवं परेशान हैं गुरुवार की सुबह होते-होते तीनों हाथी सांधा से पोंडी मार्ग एवं पोंडी के सांधा तिराहे के पास से राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करते हुए आज छठवें दिन पोंड़ी एवं खांडा के मध्य स्थित जंगल में पहुंचकर ठहरे हुए हैं हाथियों के विचरण एवं आम जनों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग एवं पुलिस विभाग का गश्ती दल निरंतर निगरानी कर रहा है लेकिन हाथियों को अपने टोला मोहल्ला एवं गांव से बाहर करने की कोशिश में ग्रामीण जन मना करने के बाद भी हाथियों के नजदीक पहुंचकर अपनी जान जोखिम में डालने की कोशिश करते दिखते हैं जिन्हें गस्ती दल में लगे वन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को शक्ति से कार्यवाई करने की अपेक्षा ग्रामीणों ने की है।



# केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन

### शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनूपपुर।** 29 जनवरी को केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली के प्रतिनिधि के रूप में अनूपपुर की उप जिला अध्यक्ष सुश्री प्राशी अग्रवाल ने की। समिति के अधिकतर सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का प्रारम्भ उप जिला अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों द्वारा ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार तिवारी द्वारा समिति के सम्मानित सदस्यों को हरित पादप एवं स्वागत पत्र भेंट किया गया एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत का मधुर गायन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों एवं वर्तमान सत्र में विद्यालय में चल रही समस्त शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा दिया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक विकास सिंह द्वारा प्राचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय में चल रहे समस्त क्रियाकलापों का समिति के समस्त सदस्यों के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात उप जिला अध्यक्ष को पूर्व में हुई प्रबंध समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। तत्पश्चात समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय में कक्षा 11 संचालित करवाने हेतु आ रही समस्याओं से जिला उपाध्यक्ष को अवगत करवाया गया एवं इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष द्वारा विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों के सुचारू एवं अबाध संचालन हेतु आवश्यक भवन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया तथा उन्होंने स्वयं विद्यालय के वर्तमान अस्थाई भवन का प्रबंध समिति के अभियंता सदस्य के साथ मिलकर अवलोकन किया एवं भवन में आ रही सीपेज की समस्या के निराकरण हेतु समिति के अभियंता सदस्य को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके द्वारा बैठक में उपस्थित केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि वे केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर के निर्माणाधीन विद्यालय भवन के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के समस्त मानकों का कडाई से पालन सुनिश्चित करें तथा निर्माण तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करें।

# ऋण की राशि अदा न करने पर न्यायालय द्वारा जारी किया गया संपत्ति कुर्क आदेश

**अनूपपुर।** श्रीराम फायनेंस लिमिटेड के एड. नीरज नायक ने बताया कि कस्टमर मुंतजीर खान निवासी भालूमाड़ा थाना भालूमाड़ा के द्वारा दिनांक 05/12/2011 को वाहन श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की अनूपपुर शाखा से ऋण प्राप्त की थी, लेकिन एक किस्त के अलावा कोई भी किश्तो का नियमित भुगतान नहीं किया गया। मुंतजीर खान के द्वारा किश्तो का भुगतान करना बंद कर दिया गया। तब कंपनी के शाखा प्रबन्धक रघुवंश मिश्रा और कलेक्शन मैनेजर प्रतीक मिश्रा के द्वारा कंपनी के अधिवक्ता नीरज नायक के माध्यम से वसूली प्रकरण कंपनी के सोल मध्यस्थता न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, यहां उक्त मध्यस्थता न्यायालय द्वारा कंपनी को 17,55,675 रुपए का भुगतान न करने का मुंतजीर खान को आदेश पारित हुआ। ग्राहक मुंतजीर खान के द्वारा कंपनी को उक्त रकम का भुगतान नहीं किया गया, तब कंपनी ने अपने अधिवक्ता नीरज नायक के माध्यम से एक निष्पादन प्रकरण प्रधान जिला न्यायालय के समझ प्रस्तुत किया। जब न्यायालय द्वारा ग्राहक मुंतजीर खान को न्यायालय के समझ उपस्थित होने को कहा गया फिर उपस्थित होकर मुंतजीर खान बार बार पैसे देने के लिए कहा गया लेकिन श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड को रकम का भुगतान नहीं किया गया। तब प्रधान जिला न्यायालय के द्वारा मुंतजिर खान के घर एवं सामान के कुर्की निष्पादन में घर का सामान न्यायालय के आदेश के परिपालन में 29 जनवरी गुरुवार को मुंतजिर खान के घर एवं सामान की कुर्की की कार्यवाई संपन्न कराई गई। कुर्की में पुलिस बल के साथ उक्त कार्यवाही में बड़ी समान सोफा, दो दीवान, दो पलंग, पंखा, मिक्सर, फ्रिज एवं बर्तन किचन का पूरा सेट इत्यादि चल संपत्ति कुर्क किया गया। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड अनूपपुर के शाखा प्रबंधन रघुवंश मिश्रा, कंपनी के अधिवक्ता नीरज नायक के साथ कलेक्शन मैनेजर प्रतीक मिश्रा का विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यवाही पर कंपनी के स्टेट लीगल हेड प्रसन्न पटेल, रीजनल बिजनेस हेड अतुल सिंह एवं रीजनल लीगल हेड गौरव श्रीवास्तव, रीजनल कलेक्शन हेड अमित सिंह के द्वारा प्रशन्नता जाहिर की गई।

